an>

Title: Regarding operating special trains to Khatu Shyamji during the mela.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): सभापति जी, मैं मेरे क्षेत्र के एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र खाटू श्याम एक देवस्थान है, जिसमें प्रतिवर्ष लगभग 25-30 लाख श्रृद्धालु आते हैं। इस बार उसका मेला 16 मार्च से 20 मार्च तक है। मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद से मेरे क्षेत्र के रहने वाले हजारों आदमी वहां पर रहते हैं और वे ट्रेन से आते हैं। इसी तरह से दिल्ली से बहुत सारे लोग जाते हैं। 25-20 लाख के लगभग लोग जाते हैं। पिछले कई वर्षों में इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती हैं, क्योंकि लोग छतों पर बैठकर आते हैं।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस मेले के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की जाये, ताकि श्रृद्धालु अच्छी तरह से आ सकें, उनको आने में सुविधा हो सके। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: S/Shri Sudhir Gupta, Bhairon Prasad Mishra, Manoj Rajoria and Kunwar Pushpendra Singh are permitted to associate with Shri Sumedanand Saraswati